www.facebook.com/kheldhaba www.youtube.com/kheldhaba www.twitter.com/kheldhabanews www.kheldhaba.com



# खेल ढाबा

पटना, मंगलवार, 09 दिसंबर, 2025 | वर्ष-1 || अंक-129 || पृष्ठ-5 | डिजिटल समाचार पत्र





त्रिजल और श्रेयो ने खिताब जीते पेज-05 | महिला हॉकी में भारत ने वेल्स को हराया पेज-05 | रोहित ने मुझे खुलकर खेलने दिया : शारदुल पेज- 05

# बिहार की पहली जीत

## उत्तरप्रदेश को हरा किया उलटफेर, पीयूष कुमार सिंह चमके

**पटना, 8 दिसंबर (खेलढाबा)।** कोलकाता के यादवपुर विश्वविद्यालय परिसर में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी एलीट ग्रुप के अपने अंतिम मुकाबले में बिहार ने उत्तरप्रदेश को छह विकेट से हरा कर जीत का दीदार किया। ग्रुप बी में खेल रही बिहार टीम की छह हार के बाद यह पहली जीत है जबकि यूपी को 7 मैचों में 3 में हार और 4 में जीत मिली है। बिहार की इस जीत ने उसे प्लेट ग्रुप में जाने से बचा लिया।




**इस जीत से हुआ बिहार को फायदा :** कुल 32 टीमों में से तीन टीम हिमाचल प्रदेश, बिहार और सर्विसेज के 4-4 अंक हैं। हिमाचल प्रदेश का नेट रन रेट 0.442, बिहार के -1.342 जबकि सर्विसेज का -1.823 है। नेट रन रेट के अनुसार बिहार सर्विसेज से ऊपर है इसीलिए अगले साल प्लेट ग्रुप में जाने से बच गया। नये नियम के अनुसार एक टीम एलीट से प्लेट में जायेगी और एक टीम प्लेट से एलीट में आयेगी।

**मंगल महरौर की अच्छी गेंदबाजी :** वैभव सूर्यवंशी की अनुपस्थिति में खेल रही बिहार टीम के इस जीत के नायक पीयूष कुमार सिंह (57 रन) और मंगल महरौर (3 विकेट) रहे। मंगल महरौर ने बेहतरीन गेंदबाजी कर उत्तरप्रदेश को बड़ी पारी करने से रोका जबकि पीयूष कुमार सिंह ने मैच जिताऊअर्धशतकीय पारी खेली।

**उत्तर प्रदेश की पारी-144/6 (20 ओवर) :** टॉस जीतकर बिहार ने पहले गेंदबाज़ी करने का फैसला लिया, जो बिल्कुल सही साबित हुआ। उत्तर प्रदेश की शुरुआत तेज रही, लेकिन लगातार अंतराल पर विकेट गिरते रहे। कप्तान आर्यन जुयाल (13 रन) ने कुछ बेहतरीन शॉट लगाए, लेकिन टीम को लंबी पारी नहीं दे सके। मध्यक्रम में समीर रिज़वी (22) और रिंकू सिंह (19) ने योगदान तो दिया, परंतु बिहार के गेंदबाज़ों ने रनगति पर अंकुश बनाए रखा।

यू.पी. की पारी को सम्मानजनक स्कोर तक पहुँचाने का श्रेय जाता है प्रशांत वीर और शिवम मावी की 7वें विकेट के लिए हुई 50 रनों की नाबाद साझेदारी को। प्रशांत वीर ने 40 रन (26 गेंद, 5 चौके, 1 छक्का) की तेज पारी खेली, जिससे टीम 144 के स्कोर तक पहुँच सकी।

**बिहार की ओर से गेंदबाज़ी :** मंगल महरौर (4 ओवर, 12 रन, 3 विकेट) सबसे किफायती और सफल गेंदबाज़ रहे। सकीबुल गनी ने 1, आमोद यादव ने 1 और साकिब हुसैन ने 1 विकेट चटकाये।

**बिहार की पारी-145/4 (19.2 ओवर) :** 145 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिहार टीम की शुरुआत शानदार रही। ओपनिंग जोड़ी आयुष लोहारुका (36 रन, 36 गेंद) और पीयूष कुमार सिंह (57 रन, 54 गेंद) ने पहले विकेट के लिए 83 रनों की साझेदारी कर मैच को बिहार की ओर मोड़ दिया। दोनों बल्लेबाज़ों ने जोखिम भरे शॉट्स की बजाय समझदारी से खेलते हुए टीम को मजबूत आधार दिया।

लोहारुका के आउट होने के बाद भी पीयूष कुमार सिंह ने अपनी लय बनाए रखी और बेहद संयमित बल्लेबाज़ी करते हुए अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने अपनी पारी में 4 चौके और 1 छक्का लगाया और गेंदबाज़ों पर दबाव बनाए रखा।

अंत में बिपिन सौरभ ने 26 रन (16 गेंद, 3 चौके, 1 छक्का) की तेज पारी खेलते हुए मैच को एक ओवर पहले ही समाप्त कर दिया। सूरज कश्यप 1 रन बना कर नाबाद रहे।

**उत्तर प्रदेश की ओर से गेंदबाजी :** यूपी की ओर प्रिंस यादव (4 ओवर, 24 रन, 3 विकेट) सबसे सफल गेंदबाज रहे। प्रशांत वीर ने 1 विकेट चटकाये।



**मैच का निर्णायक मोड़ :** पहले मंगल महरौर की 3 विकेट लेकर यू.पी. को बड़े स्कोर तक न पहुँचने देना। फिर पीयूष कुमार और लोहारुका की 83 रनों की ओपनिंग साझेदारी, जिसने मैच को लगभग तय कर दिया। अंत में बिपिन सौरभ की तूफानी बैटिंग, जिसने यूपी की वापसी की उम्मीदों को पूरी तरह खत्म कर दिया।

**मैच परिणाम :** बिहार ने उत्तर प्रदेश को 6 विकेट से हराया। बिहार-4 अंक / उत्तर प्रदेश-0 अंक। प्लेयर ऑफ द मैच : पीयूष कुमार सिंह (बिहार)-57 रन, मैच जिताऊपारी

# झारखंड रहा टॉप पर

## लीग स्टेज मुकाबले में झारखंड ने अपने सातों मैच जीते

**रांची, 8 दिसंबर (खेलढाबा)।** सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 में झारखंड ने एलीट ग्रुप डी में लगातार शानदार प्रदर्शन करते हुए बड़ी उपलब्धि हासिल की है। ईशान किशन की कप्तानी वाली टीम ग्रुप स्टेज के अपने सभी मुकाबले जीतने वाली इस सीजन की पहली टीम बन गई है।

झारखंड ने अपने अभियान की शुरुआत दिल्ली को सात विकेट से हराकर की थी। इसके बाद टीम ने कर्नाटक को दो विकेट, त्रिपुरा को आठ विकेट और सौराष्ट्र को 84 रन से मात दी। आगे चलकर झारखंड ने उत्तराखंड, तमिलनाडु और राजस्थान के खिलाफ भी जीत दर्ज की।

**सुपर लीग चरण में जगह पक्की :** सोमवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में झारखंड ने राजस्थान को 36 रन से हराकर अगले दौर में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया। हार के बावजूद राजस्थान की टीम भी सुपर लीग चरण में पहुंच गई है। इससे पहले राजस्थान ने सात में से छह मैच जीतकर 24 अंक जुटाए थे और शीर्ष टीमों में शामिल थी।

**झारखंड की मजबूत बल्लेबाजी :** टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए झारखंड ने निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 215 रन बनाए। नियमित कप्तान ईशान किशन इस मैच में शामिल नहीं थे, लेकिन टीम की बल्लेबाज़ी मजबूत साबित हुई। उत्कर्ष सिंह आठ रन बनाकर जल्दी आउट हो गए। इसके बाद विराट सिंह और कप्तान की भूमिका निभा रहे कुमार कुशाग्र ने दूसरे विकेट के लिए 123 रनों की अहम साझेदारी निभाई। कुशाग्र ने 37 गेंदों में 55 रन बनाए, जबकि रॉबिन मिंज ने 58 रनों का योगदान दिया। विराट सिंह ने 36 गेंदों में 69 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। राजस्थान की ओर से पांच गेंदबाज़ों ने एक-एक विकेट लिया।




**लक्ष्य का पीछा करने में संघर्ष :** 216 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और टीम ने 22 रन के भीतर ही दोनों सलामी बल्लेबाज़ खो दिए। करण लांबा ने 52 रन की पारी खेलकर टीम को संभालने की कोशिश की, जबकि दीपक हूडा ने 28 रन और महिपाल लोमरोर तथा मुकुल चौधरी ने 25-25 रन जोड़े। बड़े साझेदारी की कमी और झारखंड की कसी हुई गेंदबाज़ी के कारण राजस्थान की टीम 19.2 ओवर में 179 रन पर सिमट गई।

**गेंदबाज़ों ने दिलाई जीत :** झारखंड की ओर से सुशांत मिश्रा और अनुकूल रॉय सबसे सफल गेंदबाज़ रहे। दोनों ने तीन-तीन विकेट लेकर राजस्थान की बल्लेबाज़ी पर अंकुश लगाया। इस जीत के साथ झारखंड ने सुपर लीग चरण में प्रवेश सुनिश्चित किया और ग्रुप चरण में उसका अजेय अभियान टीम की फॉर्म और तैयारी को स्पष्ट दर्शाता है।

### सुपर लीग में कौन सी टीम किस ग्रुप में शामिल

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 की सुपर लीग के लिए मुंबई, हैदराबाद, हरियाणा, राजस्थान, आंध्र, मध्य प्रदेश, पंजाब और झारखंड ने क्वालीफाई किया। इन्हें चार-चार के दो ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप ए में मुंबई, हैदराबाद, हरियाणा, राजस्थान को रखा गया है। आंध्र, मध्य प्रदेश, पंजाब और झारखंड की टीमें ग्रुप बी का हिस्सा है। सभी टीमें अपने-अपने ग्रुप की बाकी सभी टीम से एक-एक बार खेलेगी यानी एक टीम के अधिकतम तीन मुकाबले यहां होंगे। जो सबसे ऊपर रहेगी वह फाइनल में जाएगी। मैच पुणे में खेला जायेगा।

#### कार्यक्रम

12 दिसंबर 2025
आंध्र बनाम मध्य प्रदेश
हरियाणा बनाम राजस्थान
पंजाब बनाम झारखंड
मुंबई बनाम हैदराबाद
14 दिसंबर 2025
मुंबई बनाम हरियाणा
आंध्र बनाम पंजाब
हैदराबाद बनाम राजस्थान
मध्य प्रदेश बनाम झारखंड
मंगलवार, 16 दिसंबर 2025
मध्य प्रदेश बनाम पंजाब
मुंबई बनाम राजस्थान
आंध्र बनाम झारखंड
हैदराबाद बनाम हरियाणा

# गिल और हार्दिक की होगी वापसी

**कटक, 8 दिसंबर।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज मंगलवार से कटक में शुरू होगी। मौजूदा टी20 विश्व चैंपियन टीम इंडिया इस श्रृंखला के साथ अगले साल स्वदेश में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी का औपचारिक आगाज भी करेगी। भारत के लिए अच्छे संकेत यह हैं कि टीम में शुभमन गिल और हार्दिक पंड्या की वापसी हो रही है जिससे टीम को मजबूती मिलेगी।

दक्षिण अफ्रीका के बाद भारत न्यूजीलैंड के खिलाफ भी पांच मैचों की टी20 सीरीज खेलेगा। विश्व कप में भारत अपना पहला मुकाबला सात फरवरी को वानखेड़े स्टेडियम में अमेरिका के खिलाफ खेलेगा।

**वर्ल्ड कप की तैयारी-रोल तय करेगा भारत:** भारतीय टीम का मुख्य लक्ष्य अगले 10 टी20 मुकाबलों में खिलाड़ियों की भूमिकाएं तय कर सर्वश्रेष्ठ संयोजन तैयार करना है। पिछले विश्व कप में लगातार आठ जीत दर्ज कर खिताब जीतने के बाद से भारत ने टी20 में अपनी जीत का आंकड़ा 26 मैचों तक पहुंचा दिया है। इस दौरान भारत को केवल चार मैचों में हार मिली और उसने कोई टी20 सीरीज नहीं हारी।

**गिल की वापसी, अभिषेक के साथ मजबूत ओपनिंग :** शुभमन गिल गर्दन में अकड़न की समस्या के बाद टीम में लौट रहे हैं। 33 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 837 रन बना चुके गिल के लिए यह सीरीज वर्ल्ड कप से पहले लय हासिल करने का बड़ा मौका होगी। अभिषेक शर्मा हालिया फॉर्म में हैं और उनके साथ गिल की ओपनिंग जोड़ी भारतीय टीम की ताकत बनेगी।

**हार्दिक पंड्या की धमाकेदार वापसी :** क्वाड्रिसेप्स इंजरी से उबरकर हार्दिक पंड्या ने मुश्ताक अली ट्रॉफी में धमाकेदार वापसी की है। 42 गेंदों में नाबाद 77 रन और गेंदबाजी में भी प्रभावी प्रदर्शन ने उन्हें टीम के लिए एक बार फिर महत्वपूर्ण ऑलराउंडर साबित किया।

**सूर्यकुमार यादव पर निगाहें :** कप्तान सूर्यकुमार यादव हालिया खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। आईपीएल में 717 रन बनाने के बाद वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए। यह श्रृंखला उनके लिए लय में लौटने का अवसर होगी।

**संजू सैमसन बनाम जितेश शर्मा: विकेटकीपर की टक्कर :** टीम में विकेटकीपर-बल्लेबाज की भूमिका को लेकर संजू सैमसन और जितेश शर्मा के बीच टक्कर है। सैमसन हालिया टी20 और मुश्ताक अली ट्रॉफी में अच्छा खेले हैं, जबकि जितेश को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर मौके मिले थे।

**भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका टी20 हेड टू हेड**

टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत और दक्षिण अफ्रीका अब तक 31 बार आमने-सामने आ चुके हैं। भारत ने 18 मैच जीते। दक्षिण अफ्रीका ने 12 मैच जीते। 1 मैच बेनतीजा रहा।

**भारतीय जमीन पर प्रदर्शन**-भारत में दोनों टीमें 12 बार भिड़ी हैं-भारत : 5 जीत, दक्षिण अफ्रीका : 6 जीत, बेनतीजा : 1
दक्षिण अफ्रीका का प्रदर्शन भारतीय धरती पर बेहतर रहा है।

**दक्षिण अफ्रीका की धरती पर प्रदर्शन :** दक्षिण अफ्रीका में भारत ने 9-4 से बढ़त बनाई है। यानी प्रोटियाज की धरती पर भारत का रिकॉर्ड मजबूत रहा है।

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती।

**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मार्क्रम (कप्तान), ओटिनिल बार्टमैन, कॉर्बिन बॉश, डेवाल्ड ब्रेविस, क्विंटन डी कॉक, डोनोवन फेरेरिया, रीज़ा हेंड्रिक्स, मार्को यानसन, जॉर्ज लिंडे, केशव महाराज, डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी, एनरिक नोर्किया, ट्रिस्टन स्टब्स।

मैच भारतीय समयानुसार शाम 7 बजे से



**दक्षिण अफ्रीका की तैयारी और टीम अपडेट :** दक्षिण अफ्रीका को सबसे बड़ी मजबूती तेज गेंदबाज एनरिक नोर्किया की वापसी से मिली है। मार्को यानसन अपने शानदार ऑलराउंड कौशल से टीम की अहम कड़ी बनते जा रहे हैं। बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज की वापसी भी गेंदबाजी को गहराई देती है।

**गिल ने जमकर बहाना पसीना, हार्दिक ने नहीं किया अभ्यास :** शुभमन गिल ने दो घंटे तक कड़े अभ्यास के साथ वापसी की जबकि फिट हो चुके हार्दिक पंड्या ने यहां बाराबती स्टेडियम में टी20 श्रृंखला के पहले मैच से पूर्व सोमवार को ट्रेनिंग सत्र से बाहर रहने का फैसला किया।

गिल ने नेट पर बल्लेबाजी से पहले क्षेत्ररक्षण और कैचिंग ड्रिल से शुरुआत की। बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने तेज गेंदबाजी और स्पिन दोनों का सामना किया जिसमें जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, अक्षर पटेल और यहां तक कि अभिषेक शर्मा भी उन्हें गेंदबाजी की। अभिषेक ने हालांकि बल्लेबाजी का अभ्यास नहीं करने का फैसला किया। मुख्य विकेट के पास मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ लंबी बातचीत के बाद गिल ने बल्लेबाजी का अभ्यास किया और उनके शानदार शॉट बार-बार गैलरी में गए।

# बिहार एसजीएफआई अंडर-19 मेंस क्रिकेट के सेमीफाइनल में

**पटना, 8 दिसंबर (खेलढाबा)।** हिसार में चल रही 69वीं एसजीएफआई गेम्स बालक अंडर-19 क्रिकेट चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में बिहार ने अपनी जगह पक्की कर ली है। क्वार्टरफाइनल में बिहार ने मध्यप्रदेश को चार विकेट से हराया। प्री क्वार्टरफाइनल में बिहार ने महाराष्ट्र को हराया था। सेमीफाइनल में बिहार की भिड़ंत चंडीगढ़ से होगी।

क्वार्टर फाइनल में मध्यप्रदेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन बिहार के गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन करते हुए पूरी टीम को 20 ओवर में 108 रन पर ऑल आउट कर दिया। बिहार के मणिकांत और विराज ने 2-2 विकेट झटके और मध्यप्रदेश की बल्लेबाजी को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिहार की टीम ने संयमित बल्लेबाजी करते हुए 17 ओवर में 6 विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। टीम के लिए मंजीत ने सर्वाधिक 34 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। उनके अलावा आदर्श ने 26 रन और कुमार शान ने 25 रन का योगदान दिया।



बिहार की यह जीत उन्हें सेमीफाइनल तक ले गई, जहां टीम अब खिताबी दौड़ में मजबूती से दावेदारी पेश करेगी।

## रियाल मैड्रिड की घरेलू मैदान पर पहली हार

**मैड्रिड, 8 दिसंबर।** रियाल मैड्रिड को नौ खिलाड़ियों के साथ खेलने की भारी कीमत चुकानी पड़ी और वह स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में रविवार को सेल्टा विगो के खिलाफ घरेलू मैदान पर 0-2 से हार गया। रियाल मैड्रिड की अपने घरेलू मैदान सैंटियागो बर्नब्यू स्टेडियम में इस सत्र में सभी प्रतियोगिताओं में यह पहली पराजय है। इससे वह बार्सिलोना से खिताब की दौड़ में भी पिछड़ गया है। रियाल मैड्रिड ने दूसरे हाफ में जल्दी ही गोल खा लिया। इसके बाद उसके दो खिलाड़ियों फ्रान गार्सिया और अल्वारो कैरेरास को रेड कार्ड दिखाए गए।

# खेल मंत्री श्रेयसी सिंह का अभिनंदन समारोह आज

**पटना, 8 दिसंबर (खेलढाबा)।** बिहार ओलंपिक संघ और राज्य के विभिन्न खेल संघों के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय नृत्य कला मंदिर में मंगलवार यानी 9 दिसंबर को बिहार की खेल मंत्री सह अर्जुन अवार्डी श्रेयसी सिंह के सम्मान में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी आयोजन समिति द्वारा जारी प्रेस रिलीज में दिया गया। एशियाड और कॉमन वेल्थ गेम्स में पदक विजेता और अर्जुन



पुरस्कार प्राप्त श्रेयसी सिंह बिहार की पहली महिला खिलाड़ी हैं जो जनप्रतिनिधि रहते हुए ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। साथ ही पहली बार कोई महिला खिलाड़ी राज्य की खेल मंत्री बनी हैं।



## खेल प्राधिकरण के डीजी ने जाना बिहार के टेटे खिलाड़ियों का हालचाल

**पटना, 8 दिसंबर (खेलढाबा)।** कोलकाता में विशेष ट्रेनिंग ले रहे बिहार के टेबुल टेनिस खिलाड़ियों से बिहार खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवींद्रण शंकरन ने की मुलाकात की और उनसे उनके ट्रेनिंग समेत अन्य जानकारियां लीं।

गौरतलब है कि बिहार के कई उदीयमान टेबुल टेनिस प्लेयर बिहार सरकार के खर्चे पर कोलकाता में अर्जुन अवार्डी सौम्यदीप रॉय, पॉलमी घटक और सौम्यजीत घोष की देखरेख में विशेष ट्रेनिंग ले रहे हैं।

खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवींद्रण शंकरण ने बताया कि बिहार के बच्चे ओलंपियन और दुनिया के शीर्ष रैंक वाले टेबुल टेनिस खिलाड़ियों को नजदीक से देखने, सीखने और उनके साथ अभ्यास करने का अवसर पाकर बेहद उत्साहित हैं। यह अनुभव निस्संदेह उनके कौशल और आत्मविश्वास को नई दिशा देगा।

उन्होंने कहा कि बिहार सरकार खिलाड़ियों को हर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए दृढ़संकल्पित है और यह कार्य उसका ही एक कड़ी है। उन्होंने बिहार राज्य टेबुल टेनिस संघ का भी धन्यवाद दिया जो खेल प्राधिकरण के साथ खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने को लेकर आगे आया। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में ये खिलाड़ी बिहार के लिए बेहतर प्रदर्शन कर मेडल जीतेंगे और राज्य का नाम रोशन करेंगे।

## नालंदा जी और एच की टीमें जीतीं, ममता व विद्यांत चमके

◆ राजू वाल्श ट्रॉफी एनडीजेएल 2025 : ई-एफ की टीमें हारी

**बिहारशरीफ, 8 दिसंबर (खेलढाबा)।** राजू वाल्श मेमोरियल ट्रॉफी फॉर नालंदा जिला जूनियर डिवीजन क्रिकेट लीग (एनडीजेएल 2025) के अंतर्गत 8 दिसंबर यानी सोमवार को खेले गए मैचों में नालंदा जी और नालंदा एच की टीमों ने जीत हासिल की।

नालंदा जी ने नालंदा ई को 131 रन से हराया जबकि नालंदा एच ने नालंदा एफ को 4 विकेट से पराजित किया।

### पहला मैच

स्थानीय नालंदा क्रिकेट एकेडमी ग्राउंड पर खेले गए मैच में नालंदा जी ने टॉस जीत कर पहले बैटिंग करते हुए कप्तान ममता राय के 74 रन की बदौलत निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट पर 181 रन बनाये।

जवाब में अनिकेत की शानदार गेंदबाजी के आगे नालंदा ई की टीम नहीं टिक पाई और 14.2 ओवर में 50 रन पर ऑल आउट हो गई। विजेता टीम के ममता राय को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

संक्षिप्त स्कोर

नालंदा जी : 20 ओवर में चार विकेट पर 181 रन, ममता राय 74, अखिलेश कुमार 34, सन्नी यादव 26, अतिरिक्त 45, सुमित कुमार 1/32, आदित्य 1/35

नालंदा ई : 14.2 ओवर में 50 रन पर ऑल आउट, रजनीश कुमार 13, सुमित कुमार 20, अतिरिक्त 11, सन्नी यादव 1/6, मिथुन कुमार 2/1, अखिलेश 2/1, अनिकेत 4/12, आशुतोष राज 1/6

### दूसरा मैच

नालंदा एफ ने टॉस जीता और पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 102 रन बनाये। तन्मय ने 32 रन की पारी खेली। एच टीम की ओर से विद्यांत कुमार ने 15 रन देकर चार विकेट चटकाये।

जवाब में सन्नी के 40 रन की मदद से नालंदा एच ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 103 रन बना कर मैच अपने नाम कर लिया। अर्णव ने 12 रन की पारी खेली। नालंदा एफ की ओर से आयुष्मा ने 2 विकेट चटकाये। विजेता टीम के विद्यांत कुमार को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

संक्षिप्त स्कोर

नालंदा एफ : 20 ओवर में नौ विकेट पर 102 रन, तन्मय 32, आर्यन राज 11, अतिरिक्त 33, विद्यांत 4/15, अभि मेहरा 1/12, सन्नी कुमार 2/24

नालंदा एच : 20 ओवर में 6 विकेट पर 103 रन, सन्नी कुमार 40, अर्णव कुमार 12, अतिरिक्त 22, आयुष 1/11, आयुष्मान 2/12, तन्मय 1/15, लोकेश 1/13

**मैच अंपायर व उपस्थिति:** आज के मैच के अंपायर मनीष राज, मो सब्बीर, परवेज़ मुस्तफा उर्फ़ पप्पू और अंकित राज थे। इस मौके पर सचिव गोपाल सिंह, हैदर अली, सहज़ाद करीम, अमन आदित्य, पवन सिंह इत्यादि उपस्थित थे।



# बिहार के खिलाफ हरियाणा मजबूत स्थिति में

◆ कूच बिहार ट्रॉफी के पहले दिन हरियाणा ने 3 विकेट पर 271 रन बनाये

◆ हरियाणा के मोक्ष मुद्गिल ने खेली शतकीय पारी

**पटना, 8 दिसंबर (खेलढाबा)।** स्थानीय मोइनुल हक स्टेडियम में सोमवार से कूच बिहार ट्रॉफी एलीट ग्रुप के अंतर्गत हरियाणा के खिलाफ बिहार का मुकाबला शुरू हुआ। हरियाणा ने पहले दिन का खेल समाप्ति के बाद मोक्ष मुद्गिल के 127 रन और रुद्राक्ष नरवाल के नाबाद 53 रन की बदौलत 3 विकेट पर 271 रन बना कर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

**धीमी शुरुआत के बाद हरियाणा की मजबूत वापसी :** हरियाणा की शुरुआत अच्छी नहीं रही। ओपनर यश अधाना (13) को 20 के कुल स्कोर पर आर्यन पटेल ने बोल्ड कर बिहार को शुरुआती सफलता दिलाई।

इसके बाद निधिश गौर (63) और मोक्ष मुद्गिल (127)* ने दूसरे विकेट के लिए 142 रनों की बेहद महत्वपूर्ण साझेदारी की। दोनों बल्लेबाजों ने मुश्किल परिस्थितियों में धैर्यपूर्ण बल्लेबाजी की और टीम को संभाला।

54वें ओवर की आखिरी गेंद पर निधिश गौर पगबाधा आउट हुए, लेकिन तब तक वे अपनी टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा चुके थे।

**मोक्ष मुद्गिल का शानदार शतक :** मोक्ष मुद्गिल पूरे दिन बेहतरीन लय में रहे। उन्होंने 235 गेंदों पर 14 चौकों और 1 छक्के की मदद से नाबाद 127 रन बनाए।

उनकी बल्लेबाजी की सबसे बड़ी खासियत रही विकेट पर टिककर खेलना और हर गेंदबाज के खिलाफ समान नियंत्रण।

**कप्तान रुद्राक्ष नरवाल का आक्रामक अर्धशतक :** तीसरे विकेट के बाद कप्तान रुद्राक्ष नरवाल (53)* ने आकर तेजी से रन बनाए। उनकी पारी में 8 चौके शामिल रहे। उन्होंने मुद्गिल के साथ 102 रनों की अविजित साझेदारी कर टीम को 271 तक पहुंचाया।

**बिहार के गेंदबाजों को सफलता कम मिली :** बिहार के गेंदबाज पूरे दिन मेहनत करते दिखे, लेकिन विकेट निकालना मुश्किल रहा। बिहार की ओर से आर्यन पटेल ने 13 ओवर में 31 रन देकर 1, सत्यम कुमार ने 23 ओवर में 56 रन देकर 1 और मोहित कुमार ने 6.2 ओवर में 29 रन देकर 1 विकेट चटकाये। रिंकल तिवारी ने 15 ओवर में मात्र 34 रन खर्च किये पर सफलता हाथ नहीं लगी।

**स्टंप्स तक स्थिति**

हरियाणा-271/3 (87.2 ओवर)
मोक्ष मुद्गिल-127 रन*
रुद्राक्ष नरवाल-53 रन*



## विजय मर्चेंट ट्रॉफी : बिहार पर पारी की हार का खतरा

◆ दूसरी पारी में भी बिहार लड़खड़ाया, छत्तीसगढ़ को कुल 244 रन की बढ़त

**पटना, 8 दिसंबर (खेलढाबा)।** विजय मर्चेंट ट्रॉफी अंडर-16 मेंस मल्टीडेज क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के खिलाफ खेले जा रहे मुकाबले में बिहार पर पारी का हार का खतरा मंडरा रहा है।

छत्तीसगढ़ ने अपनी पहली पारी 9 विकेट पर 390 रन बना कर घोषित की। बिहार की पहली पारी में 123 रन हैं जबकि दूसरी पारी में उसके 1 विकेट पर 23 रन हैं। अभी दो दिन का खेल बच रहा है और छत्तीसगढ़ की कुल बढ़त 244 रन की है।

छत्तीसगढ़ ने अपनी पहली पारी में 390/9 (120.5 ओवर) का विशाल स्कोर बनाया। टीम की शुरुआत में थोड़ी लड़खड़ाहट जरूर आई, लेकिन मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने पारी को संभालते हुए शानदार स्कोर खड़ा किया। तुष्य प्रजापति ने अपनी पारी में 264 गेंदों पर 103 रन बनाए, जिसमें 14 चौके शामिल थे। उनकी पारी ने टीम को मजबूत स्थिति में रखा। कप्तान अंशुमान ठाकुर ने 42 रन और रणवीर चड्ढा ने 71 रन बनाकर पारी को और मजबूती दी। उज्वल कुमार मार्कम ने 38 रन और प्रतीक गंधर्व ने 69 रन बनाकर स्कोर को और ऊँचा किया।

छत्तीसगढ़ की ओर से सबसे बड़ी साझेदारी रही तुष्य प्रजापति और रणवीर चड्ढा के बीच 113 रनों की रही। साझेदारी, जिसने पारी को शानदार दिशा दी।

बिहार की ओर से अंश अरमान ने 4 विकेट लिए। मंदीप ज्ञानी ने 3 जबकि उज्व्वल राज और विवेक आनंद ने 1–1 विकेट चटकाये।

बिहार की दूसरी पारी में शुरुआत खराब रही। सलामी बल्लेबाज अर्णव तिवारी बिना खाता खोले पगबाधा आउट हुए। अभिनव सिन्हा 9 और राजवीर शर्मा 6 रन बना कर खेल रहे हैं।

## लक्ष्य क्रिकेट एकेडमी की टीम क्वार्टरफाइनल में

◆ परमेश्वर राय मेमोरियल अंडर-15 इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट

**पटना, 8 दिसंबर (खेलढाबा)।** लक्ष्य क्रिकेट एकेडमी ने परमेश्वर राय मेमोरियल अंडर-15 इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। वहीं बीपीसीए ने प्री क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। लक्ष्य क्रिकेट एकेडमी ने प्री क्वार्टरफाइनल में मैवरिक्स इलेवन को आठ विकेट जबकि बीपीसीए ने सेंचुरियन सीसी को 29 रन से पराजित किया।

### पहला मैच

स्थानीय संजय गांधी स्टेडियम पर चल रहे इस टूर्नामेंट के अंतर्गत 8 दिसंबर यानी सोमवार को पहला मैच बीपीसीए बनाम सेंचुरियन सीसी खेला गया। बीपीसीए ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान हरिओम कृष्ण शर्मा के अर्धशतक व आयांश अवि के 32 रन की मदद से 21 ओवर में नौ विकेट खोकर 180 रन बनाए। जवाब में सेंचुरियन सीसी के बल्लेबाज 21 ओवर में 151 रन ही बना सके। सेंचुरियन की ओर से कप्तान रिशु राज ने 67 रन की पारी खेली पर टीम को जीत दिलाने में असफल रहे। कप्तान हरिओम को प्लेयर आफ मैच का पुरस्कार दिया गया।

**संक्षिप्त स्कोर**

बीपीसीएः 21 ओवर में 9 विकेट पर 180 रन, बालाजी 30, अनूप 12, केशव कृष 11, हरिओम कृष्ण शर्मा 53, आयांश अभि 32, अतिरिक्त 28, डी मौसम 2/27, निकेश कुमार 3/38, रिशु राज 2रु13, प्रेम चोपड़ा 1/18

सेंचुरियन सीसीः 21 ओवर में 9 विकेट पर 151 रन, रिशु राज 67, आदित्य सहाय 11, शिवम सिंह 13, अतिरिक्त 26, हरिओम 2/26, बालाजी 1/20, प्रिंस शर्मा 2/20

### दूसरा मैच

मैवरिक्स इलेवन बनाम लक्ष्य क्रिकेट एकेडमी के बीच प्री क्वार्टरफाइनल मैच खेला गया। टॉस जीतकर खेला मैवरिक्स पहले बल्लेबाजी करते हुए 21 ओवर में चार विकेट खोकर 141 रन बनाए। मैवरिक्स की ओर से आयुष्मान ने नाबाद 56 रन, तेजस्वी रौशन चौहान ने 23 और मंटू ने 31 रन का योगदान दिया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी लक्ष्य क्रिकेट एकेडमी अनिरुद्ध के नाबाद 88 रन की मदद से 9.3 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 142 रन बनाकर जीत दर्ज कर ली। महज 29 गेंदों में आठ छक्के व नौ चौके की मदद से 88 रन बनाने वाले अनिरुद्ध को प्लेयर आफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया।

**संक्षिप्त स्कोर**

मैवरिक्स इलेवनः 21 ओवर में 4 विकेट पर 141 रन, आयुष्मान नाबाद 56, तेजस्वी चौहान 23, मंटू कुमार 31, प्रिंस 13, अतिरिक्त 12, अभिषेक भारती 1/16, अनिरुद्ध राज 1/35, स्मित गौरव 1/36, रोशन 1/11

लक्ष्य क्रिकेट एकेडमी : 9.3 ओवर में दो विकेट पर 142 रन, अर्श 20, अनिरुद्ध नाबाद 88, प्रकाश राज 13, अतिरिक्त 18, अभिनव 1/24, अमन कुमार 1/24.




## भास्कर मिश्रा का हरफनमौला प्रदर्शन

◆ पूर्णिया जिला क्रिकेट लीग में एसएनसीसी ने एसीए लायंस को 4 विकेट से हराया

**पूर्णिया, 8 दिसंबर (खेलढाबा)।** पूर्णिया जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में चल रही पूर्णिया जिला क्रिकेट लीग में 9 दिसंबर यानी सोमवार को खेले गए मैच में एसएनसीसी ने शानदार जीत हासिल की। एसएनसीसी ने एसीए लायंस को चार विकेट से हराया। मैच के हीरो भास्कर मिश्रा रहे।

स्थानीय डीएसए ग्राउंड पर खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए एसीए लायंस की टीम 181 रन पर सिमट गई। शिवम ने सर्वाधिक 49 रन का योगदान दिया। वहीं अंशु ने 28, डीके ने 24 जबकि गौरव और कैफ ने 18-18 रन बनाए। एसएनसीसी की ओर से भास्कर मिश्रा ने 4 विकेट लेकर एसीए लायंस की बल्लेबाजी क्रम को झकझोर दिया। प्रणव सिंहा ने 2 विकेट झटके, जबकि सुमित, वीजे बाबा और नीतीश को 1–1 विकेट मिला।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसएनसीसी की टीम ने शुरुआत से ही संभलकर खेलते हुए रन गति को बनाए रखा। टीम ने 27 ओवर में 4 विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। बल्लेबाजी में भास्कर मिश्रा ने नाबाद 62 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। मिलन ने 34, अमित ने 27 जबकि सुमित ने 25 रन का योगदान दिया। शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए भास्कर मिश्रा को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। मैच में स्कोरर की भूमिका रोशन सूर्या ने निभाई, जबकि अंपायरिंग का दायित्व जीतू कुमार एवं सागर दास ने संभाला। मैदान पर दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने अनुशासित खेल का प्रदर्शन किया।



## इंडस स्पोर्टिंग क्लब 5 विकेट से जीता

◆ अररिया जिला अंडर-16 क्रिकेट लीग में जयश क्रिकेट एकेडमी हारी

**अररिया, 8 दिसंबर (खेलढाबा)।** अररिया जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में अररिया जिला अंडर-16 क्रिकेट लीग के अंतर्गत मैच नंबर-5 में इंडस स्पोर्टिंग क्लब ने जयेश क्रिकेट एकेडमी को पांच विकेट से हराया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जयश क्रिकेट एकेडमी की टीम ने 24.5 ओवर में अपने सभी विकेट खोकर 102 रन बनाए। आर्यन कश्यप ने 37 गेंदों पर 23 रन, मयंक सिंह ने 28 गेंदों में 12 रन तथा आदित्य कुमार ने 23 गेंदों पर 17 रनों का योगदान दिया। गेंदबाजी में मोहम्मद सैफ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 ओवर में 25 रन देकर 3 विकेट झटके, जबकि अंकित कुमार बिस्वास और प्रिंस राय को 2–2 विकेट मिले।

जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंडस स्पोर्टिंग क्लब की टीम ने 15.2 ओवर में 104 रन बनाकर 5 विकेट से मुकाबला जीत लिया। बल्लेबाजी में मनीष दास ने 26 गेंदों पर 36 रन, सचिन कुमार ने 19 गेंदों में 22 रन और सैफ अली ने 12 रनों की उपयोगी पारी खेली। जयश एकेडमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए अंशुमान सिंह और आरव अग्रवाल ने 1-1 विकेट हासिल किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सैफ अली को दिया गया, जिन्होंने 12 रन बनाने के साथ-साथ 3 विकेट चटकाए। मैच के अंपायर अमन कुमार और अनिकेत झा थे जबकि स्कोरर की भूमिका गौरव कुमार थे।



# हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया को आईओए से मान्यता बहाल

◆ बिहार हैंडबॉल जगत में इस फैसले के बाद खुशी की लहर

**पटना, 8 दिसंबर।** हैंडबॉल खेल और खिलाड़ियों के लिए वर्ष 2025 का अंतिम माह बड़ी सौगात लेकर आया है। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया (एचएफआई) की वर्षों पुरानी मान्यता को बहाल करते हुए आधिकारिक पत्र जारी कर दिया है। इस ऐतिहासिक फैसले से बिहार हैंडबॉल संघ के पदाधिकारियों और खिलाड़ियों में उत्साह और खुशी का माहौल है।

बिहार हैंडबॉल संघ के महासचिव एवं हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर शर्मा ने बताया कि आईओए के इस निर्णय से देशभर के खिलाड़ियों में नई उम्मीद जगी है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों से हैंडबॉल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के नाम पर बनाई गई समानांतर संस्था द्वारा खिलाड़ियों को गुमराह किया जा रहा था, लेकिन अब खिलाड़ी भ्रमित नहीं होंगे। शर्मा के अनुसार दोनों संघों का विवाद इस समय माननीय पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में विचाराधीन है और आईओए ने गहन जांच के बाद यह निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि भारत में 1971 से हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया ही इस खेल के विकास के लिए मान्यता प्राप्त संस्था रही है। 30 जुलाई 2025 को आईओए ऑब्जर्वर की उपस्थिति में एचएफआई के चुनाव संपन्न हुए थे, जिसमें महेश कुमार अध्यक्ष, डॉ. प्रीतपाल सिंह सलूजा महासचिव और गुरशरण सिंह गिल को कोषाध्यक्ष चुना गया। 3 दिसंबर 2025 को कार्यालय पत्रांक 2665 के माध्यम से आईओए ने एचएफआई की संबद्धता बहाल करने की औपचारिक घोषणा की।

मान्यता बहाल होने पर बिहार हैंडबॉल संघ के चेयरमैन विधान पार्षद इंजीनियर सच्चिदानंद राय, अध्यक्ष पंकज कुमार, कोषाध्यक्ष त्रिपुरारी प्रसाद, उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, गोपाल जी, आलोक कुमार, डॉ. अनुज कुमार, इंजीनियर अशोक सिंह, विनय कुमार, चंदन कुमार समेत अन्य पदाधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त की और इसे हैंडबॉल खेल के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण बताया।

# गोलरहित रहा मैच

- यूथ एकेडमी बीरगंज बनाम स्पोर्टिंग क्लब चक्रधरपुर मुकाबला ड्रॉ
- 33वीं अखिल भारतीय चतुर्भुज मेमोरियल फुटबॉल प्रतियोगिता



**मुजफ्फरपुर, 8 दिसंबर (खेलढाबा)।** स्थानीय खुदीराम बोस फुटबॉल मैदान में चल रही 33वीं अखिल भारतीय चतुर्भुज मेमोरियल फुटबॉल प्रतियोगिता के पाँचवें मैच में यूथ एकेडमी बीरगंज (नेपाल) और स्पोर्टिंग क्लब चक्रधरपुर के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला, लेकिन मुकाबला 0-0 की बराबरी पर समाप्त हुआ।

**मैच का उद्घाटन :** आज के मैच का शुभारंभ पूर्व वरिष्ठ फुटबॉल खिलाड़ी राज भूषण श्रीवास्तव उर्फ टुन्ना जी ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। उनके साथ टूर्नामेंट अध्यक्ष नंदकिशोर आर्य, कार्यकारी सचिव मुजफ्फरपुर फुटबॉल संघ सुनील कुमार सिंह, डॉ. फिरोजुद्दीन फैज, टूर्नामेंट सचिव राणा कर्मकार, राजेश कुमार, रामबाबू चौधरी, अशोक कुमार सिन्हा, असगर हुसैन, शिव प्रसाद, अलीमुद्दीन, सुरेश महतो, विनोद कुमार चौधरी, नजीर हुसैन, इरशाद मलिक सहित कई खेलप्रेमी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच की शुरुआत कराई।

**मैच में दिखा भिड़ंत का जज्बा :** मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों ने तेज और आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। कई मौकों पर गोल करने की कोशिशें हुईं, लेकिन मध्यांतर तक कोई भी टीम बढ़त नहीं बना सकी। दूसरे हाफ में भी मुकाबला रोमांचक बना रहा। लगातार आक्रमण और बचाव के बावजूद किसी टीम को गोल करने में सफलता नहीं मिली। अंततः मैच 0-0 की बराबरी पर समाप्त हुआ।

**प्लेयर ऑफ द मैच :** मुख्य अतिथि ने यूथ अकादमी बीरगंज के जर्सी नंबर 21 सिसस थापा को ₹बेस्ट 22₹ पुरस्कार से सम्मानित किया।

**निर्णायक मंडल :** मैच में निर्णायक के रूप में मनीष कुमार, सहायक निर्णायक राहुल कुमार एवं अमोद कुमार, जबकि चौथे निर्णायक शमीमुल हक रहे।

**अगला मुकाबला :** टूर्नामेंट सचिव राणा कर्मकार ने बताया कि अगला मुकाबला 9 दिसंबर को इलेवन स्टार एथलेटिक क्लब, जमालपुर और स्पोर्टिंग क्लब चक्रधरपुर के बीच खेला जाएगा।

# बिहार अंडर-17 शतरंज प्रतियोगिता शुरू



- बेगूसराय में चल रही है यह प्रतियोगिता

**बेगूसराय, 8 दिसंबर (खेलढाबा)।** अखिल बिहार शतरंज संघ के तत्वावधान में बेगूसराय शतरंज अकादमी के द्वारा 8 दिसंबर यानी सोमवार से बेगूसराय के राजौड़ा स्थित यमुना इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में बिहार राज्य अंडर–17 शतरंज प्रतियोगिता का शानदार आगाज हुआ। चार दिनों तक चलनेवाली इस प्रतियोगिता के बालक वर्ग में 46 जबकि बालिका वर्ग में 26 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

प्रतियोगिता के दोनों वर्गों में प्रथम चक्रके मुकाबले खेले गए। दोनों वर्गों में वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों ने अपने वरीयता सिद्ध की। बालक वर्ग में प्रत्यूष, तेजस शांडिल्य, अचिन्त्य कश्यप एवं अव्यय शर्मा समेत 13 रेटेड खिलाड़ियों ने पूरे अंको के साथ दूसरे चक्रमें प्रवेश किया। वहीं बालिकाओं के वर्ग में आर्या सिन्हा, शालिनी श्रीवास्तव, नव्या गोयनका,इशिका, प्रतीक्षा समेत नौ रेटेड बालिकाओं ने एक मे एक अंक लेकर अगले चक्रमें प्रवेश किया।

इसके पूर्व, आज प्रतियोगिता के प्रथम दिन शहर के जाने माने चिकित्सक डॉ रामाश्रय सिंह ने बेगूसराय के युवा खिलाड़ी चिराग मनोहर के साथ बाजी खेलकर प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन किया।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जाने माने समाजसेवी दिलीप कुमार सिन्हा, अखिल बिहार शतरंज संघ के सचिव नंदकिशोर एवं शिवप्रिय भारद्वाज, बेगूसराय शतरंज अकादमी के उपाध्यक्ष मुकेश कुमार, कोषाध्यक्ष स्वीटी कुमारी, सुरेश कुमार राय, रविन्द्र मनोहर समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। मंच संचालन एवं स्वागत आयोजन सचिव संजीव कुमार ने जबकि धन्यवाद ज्ञापन अलख कुमार सिन्हा ने किया।

# मुंगेर को हरा मगध प्रमंडल फाइनल में

- अंतर प्रमंडल बालक अंडर-17 क्रिकेट टूर्नामेंट



**आरा, 8 दिसंबर (खेलढाबा)।** खेल विभाग, बिहार सरकार और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के बैनर तले जिला प्रशासन भोजपुर की मेजबानी में स्थानीय वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय विद्यालय अंतर प्रमंडल बालक अंडर-17 क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे सेमीफाइनल में मगध प्रमंडल ने मुंगेर प्रमंडल को 56 रनों से हराकर फाइनल में जगह बना ली।

8 दिसंबर यानी सोमवार को खेले गए मैच का उद्घाटन पूर्व क्रिकेटर डॉ. दीपक सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। टॉस जीतकर मगध प्रमंडल ने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। निर्धारित 20 ओवरों में मगध टीम ने चार विकेट के नुकसान पर 183 रन बनाए। बल्लेबाजी में पवन ने शानदार नाबाद 79 रन, हिमांशु ने 32 रन, अंकुर ने 25 रन और सिमन्त ने 18 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी में मुंगेर की ओर से सूरज, सत्यम, सौरभ और हर्ष ने एक-एक विकेट हासिल किया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंगेर प्रमंडल की टीम 128 रन पर ऑलआउट हो गई। बल्लेबाजी में मो. फरदीन ने 33, उत्कर्ष ने 32 रन और प्रतीक ने 21 रन बनाए, जबकि अन्य कोई बल्लेबाज दहाई अंक तक नहीं पहुंच सका। गेंदबाजी में मगध की ओर से अमित ने सर्वाधिक चार विकेट, नंदन ने दो विकेट तथा राज कमल और निशांत ने एक-एक विकेट लिया।

मैच संचालन में ऑन–फील्ड अंपायर वेद प्रकाश और तैयब हुसैन, थर्ड अंपायर सन्नी कुमार वर्मा, फोर्थ अंपायर रवि कुमार, मैच रेफरी राजीव कमल मिश्रा, मैच ऑब्जर्वर सुभीत कुमार सिंह एवं संजय मुरार, स्कोरर कुन्दन कुमार, टीम लाइजिंग ऑफिसर कुमार विजय तथा वीडियो एनालिस्ट राजीव कुमार सिंह शामिल रहे।

फाइनल मुकाबला मंगलवार को सुबह 10 बजे से वीर कुंवर सिंह स्टेडियम, रमना मैदान, आरा में मगध प्रमंडल बनाम दरभंगा प्रमंडल के बीच खेला जाएगा।

कार्यक्रम में भोजपुर जिला क्रिकेट संघ के पूर्व सचिव विनीत राय, पूर्व अध्यक्ष मनोज पांडेय, राहुल सिंह, शिव नारायण पाल, कृष्ण कुमार, संजीव कुमार, नीरज कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे। इसकी जानकारी भोजपुर जिला खेल पदाधिकारी आलोक कुमार गौतम ने दी।



# मोतिहारी में 125 खिलाड़ियों ने दिया ट्रायल

- बिहार ग्रामीण क्रिकेट लीग के ट्रायल को लेकर उत्सुक क्रिकेटर

**मोतिहारी, 8 दिसंबर (खेलढाबा)।** बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) के तत्वावधान में आयोजित बिहार ग्रामीण क्रिकेट लीग के ट्रायल का शुभारंभ हो गया है।

मोतिहारी के ग्राउंड–3 पर सोमवार को ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 125 खिलाड़ियों ने ट्रायल दिया, जबकि रविवार को 155 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। ट्रायल की पूरी प्रक्रिया ईसीडीसीए चयन समिति के सदस्य व वरिष्ठ खिलाड़ी रामप्रकाश सिन्हा, संजय कुमार टुन्ना, प्रीतिश रंजन और हरप्रीत सिंह सलूजा की देख–रेख में की जा रही है।

गवर्निंग काउंसिल कन्वेनर ज्ञानेश्वर गौतम के हवाले से मीडिया प्रभारी प्रीतिश रंजन ने बताया कि इस लीग का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों से उभरती क्रिकेट प्रतिभाओं को पहचान देना और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ते हुए राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी बनाना है। बीसीए ऐसे खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं और कोचिंग सहायता प्रदान करेगा। मोतिहारी के अलावा गोपालगंज में 300, सारण में 125 और बेतिया में 120 खिलाड़ियों ने पंजीकरण करा कर ट्रायल में हिस्सा लिया। मोतिहारी में पंजीकृत लगभग 80 प्रतिशत खिलाड़ियों का ट्रायल संपन्न हो चुका है। शेष 20 प्रतिशत खिलाड़ियों का ट्रायल मंगलवार को लिया जाएगा। जिन खिलाड़ियों ने अभी तक पंजीकरण नहीं कराया है, वे भी मंगलवार की सुबह ग्राउंड पर पहुंचकर पंजीकरण कर सकते हैं।

# राज्य स्तरीय मशाल फुटबॉल प्रतियोगिता का मोतिहारी में शानदार आगाज

**मोतिहारी, 8 दिसंबर (खेलढाबा)।** खेलकूद को बढ़ावा देने के राज्य सरकार के संकल्प के तहत मोतिहारी के ऐतिहासिक गांधी मैदान में रविवार को राज्य स्तरीय मशाल फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 का भव्य शुभारंभ किया गया। यह प्रतियोगिता खेल विभाग, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन पूर्वी चंपारण के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है।

प्रतियोगिता में राज्य के सभी जिलों की टीमें भाग ले रही हैं। तीन दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में जिला स्तर पर चयनित स्कूली बच्चों की टीमें मैच खेल रही हैं।




**जिलाधिकारी ने किया शुभारंभ :** कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी पूर्वी चंपारण सौरभ जोरवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद प्रतिभागी बच्चों ने मार्च–पास्ट प्रस्तुत किया। इस अवसर पर नगर आयुक्त सौरभ सुमन यादव, जिला खेल पदाधिकारी शुभम कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन कुमार गिरी, जिला जन संपर्क अधिकारी ज्ञानेश्वर प्रकाश, जिला योजना पदाधिकारी राहुल कुमार, जिला नियोजन अधिकारी, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, प्रतिभागी खिलाड़ी, प्रशिक्षक एवं सपोर्टिंग स्टाफ उपस्थित थे।

जिलाधिकारी ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें प्रतिस्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। ज्ञात हो कि मशाल खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत फुटबॉल खेल के आयोजन के लिए पूर्वी चंपारण, मोतिहारी को चयनित किया गया है।

प्रतियोगिता के दूसरे दिन के मुकाबले 9 दिसंबर को सुबह 7 बजे से खेले जाएंगे।




आज के मुख्य परिणाम (कुल 16 मैच खेले गए) : पटना ने मुंगेर, समस्तीपुर ने नालंदा, वैशाली ने सुपौल, मुजफ्फरपुर ने औरंगाबाद, पटना ने समस्तीपुर, वैशाली ने मुजफ्फरपुर, पूर्वी चंपारण ने खगड़िया और कैमूर ने जहानाबाद को हराया।

खेलढाबा ई-पेपर में दीजिए विज्ञापन-जहां खिलाड़ी के साथ आपका ब्रांड भी चमके
लोकल बिजनेस से लेकर नेशनल ब्रांड तक
का संदेश खेलढाबा ई-पेपर के जरिए पहुंचे
हर खिलाड़ी, हर पाठक और हर स्क्रीन तक
ADVERTISE NOW ON
संपर्क करें
7870100025
7870100025
kheldhaba@gmail.com
DIGITAL REACH ACROSS INDIA
SPORTS AUDIENCE WITH REAL ENGAGEMENT
AFFORDABLE, TARGETED ADVERTISING PACKAGES
DAILY UPDATES • REAL READERS • REAL IMPACT
खेलदाबा
SPORTS NEWS

# विजय मर्चेंट ट्रॉफी में पारी से हारा झारखंड

◆ मुंबई ने पारी और 116 रन से किया पराजित

**रांची,8 दिसंबर (खेलढाबा)।** विजय मर्चेंट ट्रॉफी एलीट समूह के मुकाबले में मुंबई ने झारखंड को पारी और 116 रन से हराकर पूरे मैच पर पूरी तरह अपना दबदबा बनाए रखा। यह मुकाबला रैवेनशॉ यूनिवर्सिटी ग्राउंड नंबर–1, कटक में खेला गया।

झारखंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया, लेकिन मुंबई के बल्लेबाजों ने संतुलित और धैर्यपूर्ण खेल दिखाते हुए टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया।

**पहली पारी में मुंबई का मजबूत प्रदर्शन :** विजय मर्चेंट ट्रॉफी एलीट समूह के इस मुकाबले में झारखंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया, लेकिन यह निर्णय टीम को महंगा पड़ा। मुंबई ने पहली पारी में 254 रन बनाए। शुरुआती झटकों के बाद आयुष शिंदे और हर्ष शैलेश कदम ने पारी को संभाला। आयुष शिंदे ने 58 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली, जिसमें 8 चौके और 2 छक्के शामिल थे। मध्यक्रम में कार्तिक कुमार ने 65 रन बनाकर टीम को मजबूती दी। अर्जुन गदोया ने 33 और देवाशिष घोडके ने 17 रन जोड़े। झारखंड के लिए गेंदबाजी में युवराज सिंह ने 20.5 ओवर में सिर्फ 42 रन देकर छह विकेट हासिल किए, जबकि दिव्यांशु और बिप्लब ने दो–दो विकेट लिए।

**झारखंड की पहली पारी लड़खड़ाई:** पहली पारी में बल्लेबाजी करने उतरी झारखंड की शुरुआत बेहद खराब रही। पारी की पहली ही गेंद पर विकेट गिर गया और इसके बाद पूरी टीम दबाव में आ गई। यशराज सिंह ने 23 रन बनाए और थोड़े समय तक पारी को थामने की कोशिश की, लेकिन टीम के अन्य बल्लेबाज टिक नहीं सके। पूरी टीम 71 रन पर सिमट गई। मुंबई की ओर से कार्तिक कुमार ने 12 ओवर में 26 रन देकर चार विकेट झटके। शेन रजा ने तीन, युवराज चेतन पाटिल ने दो और वेदांत गोरे ने एक विकेट लिया।

**फॉलोऑन में भी झारखंड ढेर :** पहली पारी की नाकामी के बाद झारखंड फॉलोऑन खेलने उतरा, लेकिन यहां भी बल्लेबाजी क्रम बिखर गया। दिव्यांशु ने 18 और प्रत्युष विदु ने 11 रन बनाए, हालांकि ये योगदान टीम को बचाने के लिए पर्याप्त नहीं थे। कुछ ही ओवरों में लगातार विकेट गिरते गए और टीम 67 रन पर ढेर हो गई। इस पारी में मुंबई के अद्वैत भट्ट ने घातक गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट लिए। वेदांत गोरे ने चार विकेट चटकाए जबकि कार्तिक कुमार को एक सफलता मिली।

**मुंबई की बड़ी जीत और अंक तालिका में बढ़त :** मुंबई ने मुकाबले को पारी और 116 रन से जीतकर छह अंक और एक बोनस अंक अपने नाम किया। झारखंड को इस मैच से कोई अंक नहीं मिला। पूरे मैच में मुंबई ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में बेहतरीन प्रदर्शन किया, जबकि झारखंड दोनों पारियों में संघर्ष करता नजर आया।



# हजारीबाग में क्रिकेट का नया सवेरा

## पहली बार खेला गया बीसीसीआई के घरेलू क्रिकेट का मैच, कूच बिहार ट्रॉफी के मुकाबले से शुरुआत

◆ पहले दिन झारखंड 206 पर ऑल आउट, केरल 62/2

**हजारीबाग, 8 दिसंबर (खेलढाबा)।** हजारीबाग सोमवार की सुबह क्रिकेट के रोमांच से भर उठा। स्थानीय संजय सिंह क्रिकेट स्टेडियम में दर्शकों की असामान्य भीड़, तालियों की गूंज और खिलाड़ियों के जोश ने माहौल को किसी अंतरराष्ट्रीय मुकाबले जैसा बना दिया। पहली बार कूच बिहार ट्रॉफी का मुकाबला यहां आयोजित हुआ और शहर के लिए यह दिन एक ऐतिहासिक मौके जैसा यादगार बना।

**झारखंड की पारी–उम्मीदों के बीच गिरते विकेट :** टॉस के बाद जब झारखंड की टीम बल्लेबाजी करने उतरी, तो दर्शकों की निगाहें युवा बल्लेबाजों पर टिक गईं। ओपनर वात्सल तिवारी ने 30 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली, वहीं एल. कौशिक ने सबसे ज्यादा 39 रन बनाकर टीम को संभालने की कोशिश की।

लेकिन बीच के ओवरों में झारखंड की पारी लड़खड़ा गई। कप्तान ईशान ओम और प्रिंस मिश्रा बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए।

केरल के तेज गेंदबाज मोहम्मद इनाम ने सटीक और आक्रामक गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट झटके और झारखंड की पारी को 206 रन पर रोक दिया।

**केरल की पारी की शांत शुरुआत:** जवाब में केरल ने अपनी पहली पारी की शुरुआत संयम से की। शाम तक टीम ने 62 रन पर दो विकेट खो दिए। जोबिन जोबी 8 रन पर दीपांशु रावत का शिकार बने, जबकि संगीत सागर 18 रन पर पगबाधा आउट हुए।

थॉमस मैथ्यू (15*) और अमय मनोज (10*) नाबाद लौटे।

पहले दिन का खेल खत्म होते–होते केरल की पारी ने संभलकर चलने के संकेत दे दिए।





**दर्शकों का जोश–क्रिकेट का उत्सव बना पहला दिन :** सर्द मौसम के बावजूद दर्शकों की भीड़ उम्मीद से कहीं अधिक थी। हर रन पर तालियों की आवाज स्टेडियम को हिला दे रही थी।

हजारीबाग के दूर-दराज गांवों के अलावा आस पास के जिलों से भी बड़ी संख्या में लोग इस मैच को देखने पहुंचे।

खिलाड़ियों के हर अच्छे प्रदर्शन पर दर्शकों की प्रतिक्रिया साबित कर रही थी कि वे इस मुकाबले का लंबे समय से इंतजार कर रहे थे।

**काफी समय से इंतजार था–दर्शकों की खुशी :** स्टेडियम में मौजूद दर्शकों ने कहा कि हमें इस तरह के मैच की हजारीबाग में बहुत दिनों से प्रतीक्षा थी। स्टेडियम की पिच और व्यवस्था शानदार है, और हम उम्मीद करते हैं कि आगे भी यहां बड़े मुकाबले होंगे। लंबे समय बाद हजारीबाग में किसी बड़े क्रिकेट आयोजन को देखकर दर्शक बेहद उत्साहित थे।

**जिला क्रिकेट संघ में खुशी की लहर :** जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष राजेश तिवारी ने बताया कि सोमवार को मैच समय पर शुरू हुआ और उम्मीद से ज्यादा दर्शक पहुंचे। उन्होंने यह भी कहा कि यह भीड़ साबित करती है कि हजारीबाग में क्रिकेट का जुनून कितना गहरा है।

सुरक्षा व्यवस्था कड़ी थी और जिला क्रिकेट संघ के पदाधिकारी पूरे दिन मैदान में मौजूद रहकर मैच संचालन में लगे हुए थे।

**हजारीबाग अब बीसीसीआई के मानचित्र पर:** सोमवार ने हजारीबाग को एक नई पहचान भी दी। यह दिन था जब हजारीबाग आधिकारिक रूप से बीसीसीआई के मानचित्र पर दर्ज हुआ।

मुकाबले को देखने पहुंचे झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव और पूर्व भारतीय क्रिकेटर सौरभ तिवारी ने स्टेडियम की तैयारी की सराहना की। उन्होंने कहा कि भविष्य में यहां बड़े मैच भी देखे जा सकते हैं।

**झारखंड का दूसरा फ्लड लाइट स्टेडियम–नई उपलब्धि :** जेएससीए सचिव ने यह भी बताया कि हजारीबाग का यह स्टेडियम झारखंड का दूसरा फ्लड लाइट सुविधा वाला स्टेडियम है।

यह उपलब्धि हजारीबाग को राज्य के क्रिकेट मानचित्र पर एक महत्वपूर्ण स्थान देती है। उन्होंने बेहतर स्टेडियम निर्माण और व्यवस्था के लिए जिला क्रिकेट संघ का धन्यवाद किया।

**मुकाबले का समीकरण—आगे की कहानी :** पहले दिन का खेल खत्म होने पर मुकाबले का संतुलन अभी खुला है।

जहाँ झारखंड को पहली पारी में बढ़त की उम्मीद थी, वहीं अब गेंदबाजों पर निर्भर करेगा कि वे केरल को कितने पर रोक पाते हैं। केरल की नजर मजबूत स्कोर बनाकर मैच में पकड़ बनाने पर होगी।

हजारीबाग में क्रिकेट के इस नए अध्याय की शुरुआत उत्साह, उम्मीदों और रोमांच से भरपूर रही–और आने वाले दिन इस मुकाबले को और दिलचस्प बनाने का वादा करते हैं।

# नवभारत नर्सरी और केडी गिरी विजयी

◆ लिटिल विंग्स स्कूल बी डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट

**रांची, 8 दिसंबर (खेलढाबा)।** लिटिल विंग्स स्कूल बी डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट 2025-26 में सोमवार को दो मुकाबले खेले गए, जिसमें नवभारत नर्सरी ने टाटीसिलवाई बी को 110 रन से हराया, जबकि दूसरे मैच में केडी गिरी ने जूनियर मंथन पर 2 विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की।

**अंकित के शतक से नवभारत नर्सरी का मजबूत स्कोर :** ईईएफ टाटीसिलवाई ग्राउंड पर खेले गए पहले मुकाबले में नवभारत नर्सरी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 29.4 ओवर में 212 रन बनाए। टीम के लिए अंकित कुमार ने शानदार 112 रन की शतकीय पारी खेली, जबकि सूरज ने 59 रन जोड़े। गेंदबाज़ी में शिवम ने 3, अमित ने 2 और सौम्या ने 2 विकेट लिए।

**प्रिंस की घातक गेंदबाजी से टाटीसिलवाई ढेर :** लक्ष्य का पीछा करने उतरी टाटीसिलवाई बी की टीम 22 ओवर में 102/9 ही बना सकी। रवि ने 35 और सौम्या ने 20 रन बनाए। नवभारत नर्सरी के प्रिंस ने बेहतरीन गेंदबाज़ी करते हुए सिर्फ 5 रन देकर 6 विकेट चटकाए। इसी प्रदर्शन की बदौलत टीम ने 110 रन से बड़ी जीत दर्ज की।

**बिष्णु-शिवम ने केडी गिरी को दिलाई जीत :** ओटीसी ग्राउंड पर खेले गए दूसरे मुकाबले में जूनियर मंथन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 199 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। टीम के लिए हर्ष ने 44 और जगेश ने नाबाद 31 रन बनाए। केडी गिरी के लिए आकाश और शुभ ने 2-2 विकेट लिए।

**26.4 ओवर में लक्ष्य हासिल :** लक्ष्य का पीछा करते हुए केडी गिरी ने 8 विकेट खोकर 26.4 ओवर में 200 रन बनाकर मैच दो विकेट से जीत लिया। बिष्णु ने 68 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली, जबकि शिवम 27 रन बनाकर नाबाद रहे। दीपांशु ने 2 विकेट लेकर प्रयास किया, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके।

# टेंडर हार्ट 8 विकेट से जीता

◆ आरडीसीए इंटर स्कूल अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट

**रांची, 8 दिसंबर (खेलढाबा)।** आरडीसीए इंटर स्कूल अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट 2025–2026 के मुकाबले में टेंडर हार्ट ने सरला बिरला स्कूल को 8 विकेट से हराया। गोलचक्कर ग्राउंड पर खेले गए इस मैच में टेंडर हार्ट ने निर्धारित लक्ष्य का पीछा करते हुए आसान जीत दर्ज की।

**पहली पारी– सरला बिरला स्कूल :** टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सरला बिरला स्कूल ने निर्धारित 30 ओवर में 152/9 रन बनाए। श्रेष्ठ ने टीम के लिए सबसे बड़े योगदान के रूप में 48 रन बनाए। अथर्व ने 22 रन जोड़कर पारी को संभाला, जबकि बाकी बल्लेबाजों का योगदान सीमित रहा।

टेंडर हार्ट की गेंदबाजी में अविराज ने 3 विकेट लेकर सरला बिरला के बल्लेबाजों को दबाव में रखा (3/30)। हर्ष ने भी अपनी भरपूर कोशिश में 2 विकेट लिए और रन कम दिए (2/26)।

**दूसरी पारीः टेंडर हार्ट :** लक्ष्य का पीछा करने उतरी टेंडर हार्ट ने बेहतरीन शुरुआत की और 19.3 ओवर में 157/2 रन बनाकर मैच जीत लिया। आकाश ने 71 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली, वहीं आयुष ने 51 रन बनाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुँचाया।

सरला बिरला की गेंदबाजी में प्रज्वल ने 2 विकेट लिए (2/24), लेकिन टेंडर हार्ट के बल्लेबाजों ने किसी भी तरह के खतरे को जल्दी समाप्त कर दिया।

# विजडम सीए 28 रन से विजयी

◆ सरला देवी बिरला अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट

**रांची, 8 दिसंबर (खेलढाबा)।** सरला देवी बिरला अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट के मुकाबले में विजडम सीए ने अरुणोदय सीए एवेंजर को 28 रन से हराया।

रातू ग्राउंड पर खेले गए इस मुकाबले में विजडम सीए ने निर्धारित 17.3 ओवर में 124/10 रन बनाए। रेयान ने 39 रन की बेहतरीन पारी खेली, वहीं अबुजर ने 26 रन जोड़कर टीम के स्कोर को संतुलित किया। अरुणोदय सीए एवेंजर की गेंदबाजी में आरव ने 3/15 का शानदार प्रदर्शन किया। इसके अलावा वैभव ने 2/14 और सिद्धार्थ ने 2/4 विकेट लेकर टीम को अच्छी पकड़ में रखा।

लक्ष्य का पीछा करते हुए अरुणोदय सीए एवेंजर 19.3 ओवर में 96/10 रन पर ऑल आउट हो गई। वैभव ने 30 रन और अंश ने 20 रन बनाकर टीम की तरफ से सर्वाधिक योगदान किया। विजडम सीए की गेंदबाजी में अबुदा ने 5/22 का शानदार प्रदर्शन किया। रेयान ने भी 2/11 विकेट लेकर टीम की जीत सुनिश्चित की।

# देवघर अंडर-14 क्रिकेट लीग : एमसीए रेड व वीसीए येलो फाइनल में

◆ देवघर सुपर डिवीजन क्रिकेट लीग में साई ए जीता

**देवघर, 8 दिसंबर (खेलढाबा)।** देवघर जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में खेली जा रही बी डिवीजन अंडर–14 क्रिकेट लीग के फाइनल में एमसीए रेड का मुकाबला वीसीए येलो से होगा। सेमीफाइनल में एमसीए रेड ने ए क्रिकेट क्लब को 6 विकेट जबकि वीसीए येलो ने कैम्ब्रिज वन को 55 रन से हराया।

### पहला मैच

जसीडीह के चटर्जी मैदान पर खेले गए पहले सेमीफाइनल में अब क्रिकेट क्लब ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 120 रन बनाए जिसमें ऋतुराज ने 33 प्रशांत 18 और आर्यन ने 15 रनों का योगदान दिया। एमसीए रेड की ओर से रईस सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने चार ओवरों में 25 रन देकर दो विकेट हासिल किया। इसके अलावा आलोक और आयुष को एक–एक विकेट हाथ लगा।

एमसीए रेड ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 16.4 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 124 रन बनाकर जीत हासिल कर ली।

>शोएब ने 41, अधिनियम ने 27 रन और आयुष ने 16 रनों का योगदान दिया। अब क्रिकेट की ओर से प्रशांत ने 29 रन दे कर दो जबकि आर्य ने 23 रन देकर एक विकेट हासिल किया।

### दूसरा मैच

आज के दूसरे सेमीफाइनल में पहले बल्लेबाजी करते हुए वीसीए येलो ने 20 ओवर में मात्र दो विकेट खोकर 175 रनों का अच्छा स्कोर खड़ा किया। हर्षित ने सर्वाधिक 60 रन और दिव्यांशु ने 59 रनों का योगदान दिया। कैंब्रिज की ओर से हिमांशु ने 31 रन देकर एक सफलता हासिल की।176 रनों का लक्ष्य लेकर उतरी कैंब्रिज वन की पूरी टीम 18.1 ओवर में 120 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। बादल ने सर्वाधिक 48 रन बनाए। इसके बाद अंकित ने 14 रनों का योगदान दिया। वीएसए येलो की ओर से यश यादव ने 21 रन देकर तीन विकेट हासिल किये। जय राम ने 18 रन देकर दो विकेट और कृष्णा ने 23 रन देकर दो विकेट हासिल किया

### सुपर डिवीजन क्रिकेट लीग

केकेएन स्टेडियम में खेले गए मैच में साईं ए ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 35 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 297 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया। अनिकेत शर्मा ने सर्वाधिक 87 रन (13 चौके और तीन छक्कों) रन बनाया। इसके अलावा अंकित चौधरी ने 57 रन, यश ने 45 रन बनाए। कचहरी क्रिक्रेट क्लब के अविनाश ने 6 ओवर में 52 रन दे कर 2 विकेट और हेमंत यादव ने भी 7 ओवरों में 45 रन देखकर 2 विकेट हासिल किया।

298 रनों के लक्ष्य को हासिल करने के लिए बल्लेबाजी पर उतरी कचहरी क्रिक्रेट क्लब लक्ष्य से बहुत पीछे रह गई और 18.5 ओवर में मात्र 110 रनों पर अपने सारे विकेट खो दिए।

मनीष यादव ने छह चौकों तथा चार छक्कों की मदद से सर्वाधिक 52 रन बनाया। इसके अलावा कुमार सनी ने 13 रनों का योगदान दिया।

साईं ए की ओर से सचिन यादव ने 5 ओवर में 27 रन देकर चार विकेट हासिल किया। इसके अलावा अनिकेत शर्मा ने 32 रन देकर दो विकेट और अंकित ने नवरंग देकर दो विकेट हासिल किया





# अस्मिता पूर्वी जोन रग्बी लीग में झारखंड की खिलाड़ी चमकीं

**रांची, 8 दिसंबर (खेलढाबा)।** गुवाहाटी में आयोजित अस्मिता पूर्वी जोन रग्बी लीग में झारखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न वर्गों में पदक जीतकर राज्य का मान बढ़ाया।

**दो कांस्य व 1 रजत पदक जीते:** अंडर 18 बालिका टीम उपविजेता बनी, जबकि अंडर 14 बालिका टीम ने कांस्य पदक अपने नाम किया। इसके साथ ही सीनियर महिला वर्ग की टीम को भी कांस्य पदक हासिल हुआ।

**पुरस्कार वितरण समारोह:** इस अवसर पर असम की खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्रीमती नंदिता गरलोसा और विशेष सचिव खेल एवं युवा कल्याण विभाग, असम श्री कौसर हिलाल ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

**संघ की प्रतिक्रिया :** झारखंड रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री विष्णु कुमार जलान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री सुरेश कुमार, श्री कृष्ण कुमार सिंह, महासचिव हेजाज असदक और कोषाध्यक्ष श्री सुनील गुप्ता सहित संघ के सभी पदाधिकारियों ने झारखंड की खिलाड़ियों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए प्रतिभागियों को बधाई दी।

# झारखंड नेटबॉल टीम का सेलेक्शन ट्रायल संपन्न

**रांची, 8 दिसंबर (खेलढाबा)।** भारतीय नेटबॉल महासंघ के तत्वाधान में होने वाली 43वीं सीनियर नेशनल नेटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने वाली झारखंड टीम का सेलेक्शन ट्रायल रांची के जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में किया गया।

ट्रायल में कुल 14 जिलों से कुल 150 खिलाड़ियों ने भाग लिया। ट्रायल की तकनीकी देखरेख रांची जिला नेटबॉल संघ के तकनीकी अधिकारियों ने योगदान दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन झारखंड राज्य नेटबॉल संघ के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद द्वारा किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित विशिष्ट अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल युवाओं के जीवन में अनुशासन, लगन और आत्मविश्वास पैदा करता है। यहां मौजूद सभी खिलाड़ी झारखंड का भविष्य हैं। झारखंड राज्य नेटबॉल संघ सचिव श्री भूपेंद्र नाथ ने कहा कि हमारा उद्देश्य प्रतिभाओं को सही अवसर और सही प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है। ईमानदारी से की गई मेहनत हमेशा रंग लाती है।

मौके पर सीनियर खिलाड़ी पंकज टोप्पो ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह चयन सिर्फ प्रतियोगिता नहीं, बल्कि सीखने और आगे बढ़ने का मंच है। खिलाड़ी अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखें।

राजेन्द्र प्रसाद ,ने बताया गया कि झारखंड की टीम को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत रूप से स्थापित करना हमारा लक्ष्य है। इस तरह के ट्रायल खिलाड़ियों के लिए सुनहरा अवसर हैं। मौके पर , सलाहकार गणेश भारतीय , रांची जिला सचिव तारा तिर्की , राष्ट्रीय खिलाड़ी साहेब मंडल , सीनियर खिलाड़ी महेश तिर्की , सचिन लोहार, मोनालिसा कुमारी , आदि मौजूद रहे ।

# त्रिजल और श्रेयो ने खिताब जीत बिखेरा दम

◆ पांचवीं यूटीटी नेशनल रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप

**रांची, 8 दिसंबर (खेलढाबा)।** पंजाब के त्रिजल वोहरा और पश्चिम बंगाल की श्रेयो श्री चक्रवर्ती ने पांचवीं यूटीटी नेशनल रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप के तीसरे दिन अंडर–13 लड़के और लड़की वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किए। हरिवंश ताना भगत इंडोर स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबलों में दोनों खिलाड़ियों ने अपने कौशल और जज्बे का लोहा मनवाया।






**त्रिजल ने सेमीफाइनल संघर्ष के बाद दिखाई कमाल की काबिलियत :** त्रिजल ने फाइनल में तमिलनाडु के एम. अश्वजित को 3–0 से हराया। सेमीफाइनल में दिल्ली के हार्दिक कुमार के खिलाफ दो गेम से पिछड़ने के बावजूद त्रिजल ने अपने खेल में जादू दिखाया और मुकाबले को पूर्णता के साथ जीत में बदल दिया। उन्होंने तेज़ फोरहैंड ड्राइव और रणनीतिक बदलावों के जरिए अश्वजित को कोई मौका नहीं दिया।

क्वार्टरफाइनल में त्रिजल ने पश्चिम बंगाल के राजदीप बिस्वास को 3–1 से हराया, जबकि अश्वजित ने उत्तर प्रदेश के लक्ष्य कुमार को 3–1 से मात देकर फाइनल में जगह बनाई।

**श्रेयो श्री ने पांच गेम के रोमांचक फाइनल में जीता खिताब :** पश्चिम बंगाल की श्रेयो श्री चक्रवर्ती ने फाइनल में साथी राज्य की तिताश चटर्जी को पांच गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में हराकर खिताब जीता। दोनों खिलाड़ी लगातार हमलावर रैलियाँ खेलते रहे और दर्शकों को अंतिम बिंदु तक बांधे रखा। लेकिन श्रेयो की संयम और दबाव में मजबूती ने अंततः जीत दिलाई।

सेमीफाइनल में तिताश ने तमिलनाडु की पूजा अंबाती को 3–0 से हराया, जबकि श्रेयो ने अख्शिता महतो को सीधे गेम में हराया।

अंडर-11 वर्ग में भी पश्चिम बंगाल का दबदबा रहा। लड़केः राजदीप बिस्वास ने पंजाब के सतविक शर्मा को 3–0 से हराकर खिताब जीता। लड़कियाँः डेबन्ना एरी ने महाराष्ट्र की आद्या बहेती को 3–1 से मात देकर खिताब अपने नाम किया। सेमीफाइनल और क्वार्टरफाइनल मुकाबलों में इन खिलाड़ियों ने निरंतर प्रदर्शन कर यह जीत हासिल की।

अंडर–13 और अंडर–11 के अंतिम परिणाम : अंडर-13 बालक फाइनलः त्रिजल वोहरा (पंजाब) ने एम. अश्वजित (तमिलनाडु) को 11–8, 11–9, 11–8 से हराया।

यूथ गर्ल्स अंडर-13ः फाइनलः श्रेयो श्री चक्रवर्ती (पश्चिम बंगाल) ने तिताश चटर्जी (पश्चिम बंगाल) को 8–11, 11–9, 8–11, 11–8, 11–9 से हराया।






## भारत ने क्लासिफिकेशन मैच में वेल्स को हराया

**सैंटियागो (चिली), 8 दिसंबर।** क्वार्टर फाइनल की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुके भारत ने एफआईएच जूनियर महिला विश्व कप हॉकी प्रतियोगिता के नौवें से 16वें स्थान के क्लासिफिकेशन मैच में वेल्स पर 3-1 की शानदार जीत के साथ शीर्ष 10 में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। भारत की तरफ से हिना बानो (14वें मिनट), सुनलिता टोप्पो (24वें) और इशिका (31वें) ने गोल किए, जबकि एलोइस मोट (52वें) ने वेल्स के लिए एकमात्र गोल किया।

भारत ने मैच पर शुरू से ही दबदबा बनाए रखा। उसे पहले 30 सेकंड में ही पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाया। भारतीय खिलाड़ियों ने कई मौके बनाए लेकिन शुरुआत में गोल नहीं कर सके। वेल्स को भी इस बीच पेनल्टी स्ट्रोक के जरिए बढ़त बनाने का मौका मिला, लेकिन निधि ने उसे रोक दिया और स्कोर बराबर बनाए रखा। भारत पहले क्वार्टर के आखिरी क्षणों में गोल करने में सफल रहा। हिना ने साक्षी राणा के पास पर यह गोल किया। अपनी बढ़त को दोगुना करने की कोशिश में भारत ने दूसरे क्वार्टर की शुरुआत में एक और पेनल्टी कॉर्नर हासिल करके दबाव बनाए रखा।

गोलघर मीडिया वेंचर्स के लिए कविता कुमारी द्वारा पी-5, आईटीसी कॉलोनी, विद्यापुरी, कंकड़बाग, पटना, बिहार से प्रकाशित, संपादक–डी.वी पटवर्धन (अधिवक्ता)* फोन : 7870100025,
web-www.kheldhaba.com,
Email-kheldhaba@gmail.com,
*समाचारों के चयन के लिए पी. आर. बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा पटना अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)

# मारवाड़ी बैडमिंटन चैंपियनशिप में मोक्ष केजरीवाल चैंपियन

**रांची, 8 दिसंबर (खेलढाबा)।** मारवाड़ी युवा मंच, रांची दक्षिण शाखा के द्वारा आयोजित मारवाड़ी बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन जैप इनडोर बैडमिंटन स्टेडियम में संपन्न हुआ। सिंगल्स में मोक्ष केजरीवाल ने हेमंत बियानी को हराकर विजेता बने। डबल्स में गौरव पोद्दार और ऋषभ सेकारईया ने ललित केजरीवाल और मोक्ष केजरीवाल को हराकर खिताब जीता, जबकि मिक्स डबल्स में रोहित शारदा और बिना शारदा ने सोनिक विजय और मनीषा विजय को मात देकर चैंपियन बने।

**विशिष्ट अतिथियों और सम्मान :** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्वरूप रांची के पूर्व उप महापौर संजिव विजयवर्गीय और विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों द्वारा विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। साथ ही, झारखंड से स्टेट और नेशनल लेवल पर बैडमिंटन खेलने वाले सागर बंजारा और शांभवी बर्मन को मंच पर सम्मानित किया गया।

**आयोजन समिति और सहयोग :** कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा के अध्यक्ष ऋषभ रामपुरिया ने की, मंच का संचालन रोहित शारदा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन बैडमिंटन चैंपियनशिप के संयोजक समर्थ तायल और आशीष मंगल ने किया।

**प्रमुख अतिथि एवं संस्थाओं का योगदान :** कार्यक्रम में कई गणमान्य अतिथि और संस्थाओं के पदाधिकारी



उपस्थित थे। इंडोर स्टेडियम के कोच मनोज तिवारी और सहयोगियों ने रेफरी, कोर्ट बाय और स्कोरर आदि में योगदान दिया। महिला शाखा की टीम और अन्य सहयोगियों ने भी कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**सहयोगी संस्थाओं का योगदान:** मोमेंट्स रिसॉर्ट खूंटी रोड, रामपुरिया ट्रेडर्स डोरंडा, ऋषभ आभूषण कोलकाता, भोला लिट्टी तुलसी चौक डोरंडा, राजेश केमिकल अप्पर बाजार ने आयोजन में विशेष योगदान दिया।

# ताइक्वांडो कलर बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट में 123 खिलाड़ियों ने लिया भाग

**रांची, 8 दिसंबर (खेलढाबा)।** झारखंड यूनाइटेड ताइक्वांडो मार्शल आर्ट्स एसोसिएशन के बैनर तले एम.बी. ताइक्वांडो अकादमी, बुंडू में एक दिवसीय ताइक्वांडो कलर बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट का किया गया आयोजन। इस कलर बेल्ट प्रोग्राम में 123 ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने भाग लिया। ग्रेडिंग मुख्य रूप से झारखंड यूनाइटेड ताइक्वांडो मार्शल आर्ट्स एसोसिएशन में सचिव शकील अंसारी तथा अध्यक्ष श्री मोहम्मद जमील अंसारी की देख–रेख में लिया गया।

ग्रेडिंग लेने वाले सीनियर कोच जयपाल महतो, मनीषा मुंडा, खुशी तिर्की, मोहित मुंडा, साजिद खान, देवानंद दिलीप, कहकंशा आफरीन, तथा अफताब अंसारी के द्वारा लिया गया। मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड मुक्ति मोर्चा बुंडू प्रखंड के उपाध्यक्ष जमील अंसारी जी, तथा एम.बी. स्कूल के प्रिंसिपल अबू अब्बास अली, वॉइस प्रिंसिपल श्रीमती जाहिदा कौसर जी थे। स्पेशल अतिथि के रूप में असरफ अंसारी, मोहसिन अनवर उर्फ सोनू जी थे। सभी अतिथियों के ने ताइक्वांडो खिलाड़ियों की प्रतिभा को खूब तारीफ की तथा खिलाड़ियों के लिए यथा संभव ताइक्वांडो कीट प्रदान करने की बात कही। ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने अपना अपना बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट बहुत ही शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना प्रतिभा को दिखाया। सभी ताइक्वांडो का रिजल्ट 15 दिनों के अंदर बताया जाएगा। पास हुई खिलाड़ियों को नया बेल्ट तथा सर्टिफिकेट दिया जाएगा। यह जानकारी झारखंड यूनाइटेड ताइक्वांडो मार्शल आर्ट्स एसोसिएशन के सचिव शकील अंसारी जी ने दी।

# रांची विश्वविद्यालय इंटर कॉलेज क्रिकेट शुरू

**लोहरदगा, 8 दिसंबर (खेलढाबा)।** स्थानीय बी.एस. कॉलेज, लोहरदगा ने रांची विश्वविद्यालय अन्तर महाविद्यालय क्रिकेट (पुरुष) प्रतियोगिता के सुपर नॉकआउट मुकाबले में पी.पी.के. कॉलेज, बुंडू को 128 रन से पराजित कर शानदार जीत दर्ज की। बी.एस. कॉलेज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में 8 विकेट पर 228 रन बनाए, जबकि पी.पी.के. कॉलेज की पूरी टीम 17.3 ओवर में 97 रन पर ऑलआउट हो गई।

प्रतियोगिता का उद्घाटन बलदेव साहू महाविद्यालय, लोहरदगा में रांची विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष डॉ. (प्रो.) सुदेश कुमार साहू ने किया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय ने पिछले वर्ष भी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया था और इस वर्ष भी इसे यह जिम्मेदारी दी गई है। प्राचार्य डॉ. शशि कुमार गुप्ता ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का अवसर मिलता है।




कार्यक्रम का संचालन प्रो. अम्बिका प्रिया ने किया।

बी.एस. कॉलेज की बल्लेबाजी में आर्यन कुमार साहू ने 38 गेंदों पर 59 रन बनाए, जबकि कप्तान सुमित ओरांव जल्दी आउट हुए। हिमांशु कुमार गुप्ता ने 57 गेंदों में नाबाद 102 रन बनाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। अमित कुमार गुप्ता ने 28 रन का योगदान दिया। पी.पी.के. कॉलेज की ओर से परमेश्वर महतो ने 3 और करन सिंह मुंडा ने 2 विकेट लिए।

229 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पी.पी.के. कॉलेज संघर्षरत रही और 17.3 ओवर में 97 रन पर ऑलआउट हो गई। विराट यादव ने 4, अमित कुमार गुप्ता ने 2 और रोशनी सिंह तथा सुमित ओरांव को 1–1 विकेट मिला।

इस जीत ने बी.एस. कॉलेज के खिलाड़ियों का आत्मविश्वास आगामी मुकाबलों के लिए और मजबूत किया। मैन ऑफ़ द मैच हिमांशु कुमार गुप्ता रहे।

## रोहित ने मुझे खुलकर खेलने दियाः शारदुल

**मुंबई, 8 दिसंबर।** आईपीएल 2026 से पहले लखनऊ सुपर जाइंट्स से मुंबई इंडियंस में दो करोड़ रुपये में ट्रेड किए गए भारतीय तेज गेंदबाज शारदुल शार्दुल ठाकुर का कहना है कि पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने उन्हें खुलकर खेलने की स्वीकृति दी थी। इसी साल इंग्लैंड दौरे पर टेस्ट क्रिकेट खेलने वाले 34 साल के तेज गेंदबाज शारदुल मुंबई इंडियन्स में पुराने अच्छे दिनों को फिर से जीने की उम्मीद कर रहे हैं। रोहित के साथ फिर जुड़ने वाले शारदुल ने कहा, ''अभी और पता चलेगा जब साथ में बैठेंगे तो। काफी मस्ती होगी। उन्होंने कहा, ''उन्होंने मुझे सहज महसूस कराया। उन्होंने मुझे उनके साथ खुलकर रहने दिया। उन्होंने मुझे खुलकर खेलने दिया। हम एक–दूसरे के साथ सहज हो गए और इसमें उनका बड़ा हाथ था। शारदुल का मुंबई इंडियन्स में सफल सहायक खिलाड़ी के तौर पर शुरू हुआ था और उसके काफी समय बाद उन्हें आईपीएल अनुबंध मिला। उन्होंने कहा कि ड्रेसिंग रूम के शुरुआती अनुभव ने उनके करियर पर सकारात्मक असर डाला।

# झारखंड सीनियर महिला कुश्ती टीम अहमदाबाद रवाना

**रांची, 8 दिसंबर (खेलढाबा)।** सीनियर नेशनल कुश्ती प्रतियोगिता 2025 में भाग लेने के लिए झारखंड सीनियर महिला कुश्ती टीम आज रांची से अहमदाबाद, गुजरात के लिए रवाना हुई। यह प्रतियोगिता 12 से 14 दिसंबर 2025 तक अहमदाबाद, गुजरात में आयोजित होगी, जिसमें पुरुष फ्री स्टाइल/ग्रीको रोमन और महिला फ्रीस्टाइल वर्ग में देशभर की टीमें हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता में भाग लेने से पहले झारखंड टीम ने रांची के खेलगांव, होटवार में 10 दिवसीय विशेष कुश्ती प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लिया। इसके बाद महिला कुश्ती टीम के 10 खिलाड़ी और 4 प्रशिक्षक अहमदाबाद के लिए रवाना हुए। टीम को रवाना करने से पहले झारखंड खेल विभाग के सहयोग से खिलाड़ियों को ट्रैक सूट और खेल किट प्रदान की गई।

झारखंड राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष जीशान कमर, खेल निदेशक शेखर जमुआर, अभिभावक के रवि कुमार, मार्गदर्शक भोलानाथ सिंह, महासचिव रजनीश कुमार, कोषाध्यक्ष बबलु कुमार और सभी जिला कुश्ती अध्यक्ष/सचिव एवं खेल विभाग के पदाधिकारीयों ने टीम को राष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।

झारखंड महिला टीमः रिंपा कुमारी, रिया कुमारी,नेहा उरांव ,बबली कुमारी,सिमरन बिल्चन मिंज,कुमकुम कुमारी , सरस्वती कुमारी,अंजू टुडू,ललिता कुमारी,पूजा रानी। प्रशिक्षकः बबलु कुमार,चंचला कुमारी, अफरीद अहमद,संजीव झा।